दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल बना दूसरा उप-विजेता

मुंबई। भारत के सबसे बडे इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज 2016 के नेशनल फइनल्स में डीपीएस भोपाल की टीम के हार्दिक पटेल और निश्चय शोपुरकर दूसरे उप-विजेता बने। उन्हें एक कांस्य पदक , आई फेन, 1 टीबी हार्ड डिस्क तथा पावर बैंक के व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ स्कूल के लिए ट्राफी मिली। फइनल्स में ग्रैण्ड फिनाले पर चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए 8 शहरों से आई आठ उत्कृष्ट टीमों के साथ जमकर मुकाबला करना पडा। अग्रणी आईटी सर्विसेज , कंसलटिंग तथा बिजनेस साल्युशंस कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित नेशनल फइनल्स का मुकाबले 11 दिसम्बर 2016 को मुंबई के ताज लैण्डस एण्ड में खेले गए थे। इसके लिए टीम को मुंबई तक हवाई यात्रा के साथ ताज मे ठहरने तथा टीसीएस के सीईओ से मिलने का अवसर मिला था। इस साल की प्रतिस्पर्धा में रीजनल लेवल पर पूरे भारत के 1,328 स्कूलों के कक्षा आठ से बारह के लगभग 15,000 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस साल अगस्त से नवम्बर के बीच टीसीएस आईटी विज के रीजनल एडिशंस भारत के 15 स्थानों -अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोची, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे तथा विशाखापट्नम में आयोजित किए गए थे। इन 15 टीमों ने ग्रैण्ड फिनाले में पहुचने के लिए सेमी-फइनल्स के दो राउण्डस में जिसमें 7 तथा 8 टीमों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा लेकर अपनी राह बनाई। प्रतिस्पर्धा में निम्नलिखित आठ टीमों ने नेशनल फइनल्स के लिए अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर पुरस्कार वितरणकर्ता टीसीएस के सीईओ तथा एमडी श्री एन. चन्द्रशेकरन ने कहा कि " हर साल टीसीएस आईटी विज की गतिशीलता बढती जा रही है । प्रतिष्ठित नेशनल चैम्पियनशिप टाइटिल के लिए होने वाली इस प्रतिस्पर्धा में युवा छात्रों की अथक भावना को देखना स्फूर्तिदायक रहा। टेक्नोलॉजी में हमारे देश का टेलेण्ट पूल बेशक व्यापक है जो आईटी के भविष्य को आशाजनक बनाता है। टीसीएस आईटी विज एक इनोवेटिव गेमोफिकेशन कंसेप्ट है जो विभिन्न स्कूलों के बेहतरीन टेक्नोलॉजी बफ्स् के सीखने तथा उन्हें मान्यता प्रदान करने के लिए एक अदभूत मंच का काम करता है। क्विजिंग के पांच राउण्डस के अंत में दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रथा धर तथा प्रणव धर नेशनल चैम्पियन बनकर उभरे। दोनो को माइक्रोसाफ्ट सरफेस के साथ गोल्ड मेडल , 1टीबी हार्ड डिस्क और पॉवर बैंक तथा स्कूल के लिए ट्राफी प्रदान की गई।